# समाचार वाणी

**ख़बर जो करें असर !**

नाशिक | **Friday, 25 September 2026**


# काउंटडाउन शुरू: 28 हजार किमी/घंटा की रफ्तार से धरती की ओर बढ़ रहा शुभांशु शुक्ला का ड्रैगन कैप्सूल, आज होगा टचडाउन।


Publisher

Published on 15 Jul 2025




**AXIOM-4 मिशन का ड्रैगन कैप्सूल पृथ्वी की ओर लौट रहा है, शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम की वापसी पर पूरी दुनिया की निगाहे टिकी है, लेकिन तकनीकी खराबियों और मौसम की चुनौती बनी हुई है।**

**AXIOM-4: आज धरती पर लौटेगा AX-4 मिशन, मिशन मे शामिल है भारत के शुभांशु शुक्ला।**

भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री **शुभांशु शुक्ला** का **स्पेसक्राफ्ट ड्रैगन** आज धरती पर लौटने वाला है। यह स्पेसक्राफ्ट करीब **28,000 किलोमीटर प्रति घंटे** की रफ्तार से धरती की तरफ बढ़ रहा है। यह **AXIOM-4** मिशन का हिस्सा है, जिसमें **अंतरराष्ट्रीय स्तर** पर चुने गए वैज्ञानिक और अंतरिक्ष यात्री शामिल थे।

18 दिनों के स्पेस मिशन के बाद **ड्रैगन कैप्सूल** इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से सफलतापूर्वक अलग हो चुका है और अब पृथ्वी की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

**नज़रे टिकी है नासा और स्पेसX कंट्रोल सेटंर पर**

**शुभांशु शुक्ला** और उनकी टीम की वापसी पर नासा और **स्पेस एक्स के कंट्रोल सेटंर** से लेकर भारत तक हर कोई नजरें टिकाए हुए है। हर कोई इस ऐतिहासिक वापसी का साक्षी बनने को तैयार है, लेकिन मिशन की शुरुआत से ही तकनीकी और **पर्यावरणीय परेशानियां** इस वापसी को लेकर चिंताएं भी खड़ी कर रही हैं।

**तकनीकी चुनौतियां और इतिहास की चिंता**

१. **मिशन की शुरुआत मे फाल्कन 9 रॉकेट मे लिक्विड ऑक्सीजन का लीक होना।**

२. **फिर ड्रैगन कैप्सूल के सिस्टम मे आई तकनीकी खामी।**

३. **इसके बाद खराब मौसम ने भी चुनौती दी**।

इन सबके चलते पुराने हादसों की यादें ताजा हो गई हैं, खासकर 2003 का कोलंबिया हादसा, जिसमें **स्पेस शटल मिशन** पूरा होने से ठीक पहले दुर्घटना का शिकार हो गया था।

**हीट शील्ड पर 2000 डिग्री सेल्सियस तापमान**

तेजी से धरती की ओर बढ़ रहे **ड्रैगन कैप्सूल** की बाहरी सतह पर हीट शील्ड लगाया गया है, जो **2000 डिग्री सेल्सियस** तक के तापमान को झेल सकता है। जैसे-जैसे यह पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करेगा, इसकी रफ्तार को धीरे-धीरे कम किया जाएगा।

**मौसम बन सकता है बड़ी चुनौती**

**यूरोपियन स्पेस एजेंसी** ने चेतावनी दी है कि वापसी के समय मौसम खराब हो सकता है, जिससे **सॉफ्ट स्प्लैशडाउन** में बाधा आ सकती है। **AXIOM-4** मिशन का **ड्रैगन कैप्सूल** 'ग्रेस', फ्लोरिडा के तट के पास अटलांटिक महासागर में लैंड करेगा।

अगर वहां तेज हवाएं, **बारिश या तूफान हुए तो यह लैंडिंग को जोखिम** में डाल सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.